आगरा में जेल से छूटते ही दवा माफिया हिमांशु ने बदला ठिकाना, किराए का गोदाम बनाकर बेच रहा था

नकली दवाएं



जागरण संवाददाता, आगरा। नकली दवाइयों की बिक्री का खेल पकड़े जाने के बाद एसटीएफ को एक करोड़ की रिश्वत देने वाले दवा माफिया हिमांशू अग्रवाल ने जेल से छूटते ही ठिकाना बदल लिया। यमुना पार टेढ़ी बगिया में गोदाम बनाकर नकली दवाइयों की बिक्री करने लगा। मंगलवार को पकड़े गए गोदाम संचालक के जरिए माफिया के खेल का राजफाश हुआ। कार्रवाई से दो दिन पहले ही गोदाम खाली हो चुका था। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल हिमांशु पुलिस की गिरफ्त से दूर है। नकली दवा की बिक्री की सूचना पर मंगलवार दोपहर एक बजे टीम ने इकरार के घर पर छापा मारा। वहां कबाड़ के अंदर बड़ी मात्रा में कार्टन में मल्टी नेशनल कंपनियों की मधुमेह, दर्द निवारक सहित अन्य दवाएं मिलीं। इनकी कीमत पांच करोड़ आंकी गई थी।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/agra-city-agra-fake-medicine-mafia-himanshu-agarwal-busted-again-40390641.html